भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1014
उत्तर देने की तारीख- 04/12/2024

आंध्र प्रदेश के विद्यालयों हेतु निधि और बुनियादी सुविधाएं

1014 **श्री येरम वेंकट सुब्बा रेड्डी**:

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान आंध्र प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में बड़े, मध्यम और छोटे मरम्मत कार्य हेतु स्वीकृत और उपयोग की गई धनराशि का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान विद्यालयों में लड़कों और लड़कियों के लिए कितने शौचालय, दिव्यांगों के लिए कितने रैम्प, और कितने पेयजल कनेक्शन स्वीकृत और पूर्ण किए गए, तत्संबंधी जिलावार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह सच है कि आंध्र प्रदेश में सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत लड़कियों के कुल 21,700 शौचालयों के लिए समग्र स्वीकृति प्रदान की गई थी, परन्तु केवल **21,000** शौचालयों का ही निर्माण-कार्य पूर्ण किया गया;
(घ) शेष शौचालयों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण होने की संभावना है; और
(ङ) 21,700 में से इस प्रकार निर्मित कितने प्रतिशत शौचालय कार्यात्मक हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क): आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विगत तीन वर्षों 2021-22 से 2023-24 के दौरान समग्र शिक्षा के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के स्कूलों में बड़ी और छोटी मरम्मत हेतु कुल संस्वीकृत बजट 39.80 करोड़ रुपये था, जिसमें से 29.42 करोड़ रुपये का उपयोग किया जा चुका हैं। वर्तमान वर्ष 2024-25 के लिए शिक्षा मंत्रालय ने बड़ी और छोटी मरम्मत हेतु 16.92 करोड़ रुपये के बजट आवंटन को अनुमोदित किया है, जिसमें से अब तक 4.23 करोड़ रुपये का उपयोग किया जा चुका है। जिला-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I में संलग्न है।

(ख): आंध्र प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वर्ष 2021-22 और 2023-24 के बीच कुल 743 बालकों के शौचालय, 669 बालिकाओं के शौचालय और 383 स्कूलों में पेयजल सुविधाओं को संस्वीकृत किया हैं। अब तक 513 बालकों के शौचालय, 402 बालिकाओं के शौचालय और सभी 383 पेयजल सुविधाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस दौरान कोई रैंप संस्वीकृत नहीं किया गया है। बालकों के शौचालय, बालिकाओं के शौचालय और पेयजल सुविधाओं की जिला-वार संख्या अनुलग्नक-II में संलग्न है।

(ग) से (ङ): समग्र शिक्षा योजना की शुरुआत के पश्चात से, आंध्र प्रदेश में बालिकाओं के कुल 21,722 शौचालयों को अनुमोदित किया गया है, जिनमें से 98.76% की कार्यात्मकता दर से 21,453 का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इस संबंध में प्रबंध पोर्टल संबंधी आंकड़ों और राज्य सरकार की आवधिक समीक्षाओं के प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रगति की नियमित निगरानी की जाती है।

*****

अनुलग्नक-I

माननीय संसद सदस्य श्री येरम वेंकट सुब्बा रेड्डी द्वारा 'आंध्र प्रदेश के विद्यालयों हेतु निधि और बुनियादी सुविधाएं' के संबंध में दिनांक 04.12.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1014 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

वर्ष 2021-22 से 2024-25 के दौरान बड़ी और छोटी मरम्मत हेतु जिला-वार संस्वीकृत की गई निधियां एवं व्यय

(लाख रुपये में)

		वर्ष 2021-22 से 2023-24 में बड़ी और छोटी मरम्मत		**वर्ष 2024-25 (अब तक) में बड़ी और छोटी मरम्मत**	
क्र.सं.	जिला	वित्तीय संस्वीकृति	व्यय	वित्तीय संस्वीकृति	व्यय
1	अनकापल्ली	72.00	48.00	138.69	34.67
2	अनंतपुरम	44.00	44.00	131.76	32.94
3	अन्नमय्या	146.00	128.00	138.69	34.67
4	एएसआर	24.00	12.00	69.35	17.34
5	बापतला	480.00	348.00	20.80	5.20
6	चित्तूर	96.00	72.00	55.48	13.87
7	पूर्वी गोदावरी	92.00	68.00	0.00	0.00
8	एलुरु	104.00	68.00	13.87	3.47
9	गुंटूर	288.00	216.00	117.89	29.47
10	काकीनाडा	98.00	80.00	27.74	6.93
11	कोनासीमा	448.00	316.00	0.00	0.00
12	कृष्णा	217.00	163.00	0.00	0.00
13	कुरनूल	12.00	12.00	138.69	34.67
14	मन्यम	56.00	32.00	83.22	20.80
15	नंदयाल	54.00	36.00	90.15	22.54
16	एनटीआर	38.00	32.00	27.74	6.93
17	पलनाडु	164.00	116.00	90.15	22.54
18	प्रकाशम	354.00	252.00	83.22	20.80
19	एसपीएस नेल्लोर	134.00	116.00	0.00	0.00
20	श्री सत्यसाई	48.00	42.00	104.02	26.01
21	श्रीकाकुलम	348.00	216.00	138.69	34.67
22	तिरुपति	58.00	40.00	20.80	5.20
23	विशाखापट्टनम	28.00	28.00	20.80	5.20
24	विजयनगरम	236.00	164.00	180.30	45.08
25	पश्चिम गोदावरी	168.00	144.00	0.00	0.00
26	वाईएसआर कडपा	172.00	148.00	0.00	0.00
	कुल योग	**3980.00**	**2942.00**	**1692.07**	**423.02**

अनुलग्नक-II

माननीय संसद सदस्य श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी द्वारा 'आंध्र प्रदेश के विद्यालयों हेतु निधि और बुनियादी सुविधाएं' के संबंध में दिनांक 04.12.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1058 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

वर्ष 2021-22 से 2023-24 के दौरान संस्वीकृत एवं पूर्ण हो चुके बालकों के शौचालय, बालिकाओं के शौचालय एवं पेयजल की जिला-वार संख्या

		वर्ष 2021-22 से 2023-24 में बालकों के शौचालय		वर्ष 2021-22 से 2023-24 में बालिकाओं के शौचालय		वर्ष 2021-22 से 2023-24 में पेयजल सुविधाएँ	
क्र. सं.	जिला	संस्वीकृत किए गए	पूर्ण किए गए	संस्वीकृत किए गए	पूर्ण किए गए	संस्वीकृत किए गए	पूर्ण किए गए
1	अनकापल्ली	11	8	25	15	10	10
2	अनंतपुरम	84	78	43	43	71	71
3	अन्नामय्या	32	18	19	10	7	7
4	एएसआर	30	29	83	9	20	20
5	बापतला	29	8	25	10	9	9
6	चित्तूर	35	28	32	22	11	11
7	पूर्वी गोदावरी	19	14	8	6	5	5
8	एलुरु	11	9	24	9	2	2
9	गुंटूर	13	4	8	6	6	6
10	काकीनाडा	30	25	23	18	11	11
11	कोनासीमा	31	10	14	5	5	5
12	कृष्णा	10	4	17	9	7	7
13	कुरनूल	38	37	40	37	46	46
14	मन्यम	15	12	30	16	7	7
15	नंदयाल	16	10	16	12	10	10
16	एनटीआर	4	3	8	6	4	4
17	पलनाडु	19	14	19	16	20	20
18	प्रकाशम	47	21	33	16	32	32
19	एसपीएस नेल्लोर	46	30	33	21	13	13
20	श्री सत्यसाई	43	41	32	22	51	51
21	श्रीकाकुलम	50	20	37	27	13	13
22	तिरुपति	24	21	28	19	7	7
23	विशाखापट्टनम	9	7	6	4	1	1
24	विजयनगरम	42	32	34	26	8	8
25	पश्चिम गोदावरी	11	2	7	3	1	1
26	वाईएसआर कडपा	44	28	25	15	6	6
		743	513	669	402	383	383